तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 11 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



हमर भोजली दाई के भींजे आठों अंगा...

4




## खबर संक्षेप

### किसान 14 अगस्त तक करा सकेंगे फसल बीमा

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 हेतु फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त एवं ऋणी किसानों के लिए 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा उड़द और मूंगफली फसल के राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। तरूण प्रधान उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की तिथि में वृध्दि की गई है ताकि अधिक से अधिक किसान फसल का बीमा करा सके एवं जोखिम की स्थिति में किसानों के लिए बेहतर विकल्प रहे। इस वर्ष मौसम को देखते हुए सभी किसानों को फसल बीमा अवश्य ही कराना चाहिए, ताकि जोखिम की स्थिति में आर्थिक क्षति न होने पाये। बीमा के लिये किसान भाई अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सेवा सहकारी समिति या बैंक से सीधा सम्पर्क कर सकते है।

### विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**मालखरौदा।** विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन जनपद कार्यालय मालखरौदा के सभाकक्ष में किया गया। हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी दी गई। आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग सक्ती द्वारा विकासखण्ड मालखरौदा अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर जनपद कार्यालय मालखरौदा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती एवं जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उपस्थित बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में विभिन्न हितग्राहियों द्वारा शिविर में शामिल होकर योजना की जानकारी प्राप्त की गई। शिविर में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग सक्ती, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती, जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी), भारतीय स्टेट बैंक मालखरौदा, इंडियन बैंक मालखरौदा, इंडियन बैंक सिंघरा, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक मालखरौदा के अधिकारी उपस्थित थे।

### भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 1 जुलाई 25 को 15 से 23 वर्ष एवं एससी, एसटी अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर 15 अगस्त तक हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा में जमा किया जा सकता है।

### नई व्यवस्था ने बढ़ाई कृषकों की परेशानी

# एग्रीस्टेक पंजीयन के बिना धान नहीं बेच पाएंगे किसान, अभी भी 16 हजार का रजिस्ट्रेशन बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चाम्पा जिले के 1 लाख 19 हजार से अधिक किसानों को नए बनाए गए नियमों के अनुसार एग्रीस्टेक पंजीयन कराना जरूरी है। इनमें से 1 लाख 3 हजार किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। वहीं अभी 16 हजार किसानों का पंजीयन बाकी है। वहीं दूसरी ओर किसान एग्रीस्टेक रजिस्टर्ड नहीं कराने की स्थिति में समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो सकते है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिला कृषि प्रधान माना जाता है। नई ब्यवस्था के अनुसार इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानो के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को जरूरी किया गया है। वहीं इसे लेकर कृषि एवं सहकारी सेवा समिति को आदेश भी प्राप्त हुआ है। जांजगीर-चाम्पा जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत नवागढ, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह, एवं बलौदा क्षेत्र के करीब 1 लाख 19 हजार किसानो को एग्रीस्टेक पंजीयन कराना है ताकि समर्थन मूल्य पर धान बेच सके। वहीं पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत 1 लाख 3 हजार किसान पंजीयन करा चुके है। वहीं अभी 16 हजार किसानो का पंजीयन कराना बाकी है।

ऐसे में बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के समर्थन मूल्य पर किसान धान की बिक्री तक नहीं कर पाएंगें। इस तरह की व्यवस्था इस साल बनाई गई है। इसके चलते किसानों को कई तरह की परेशानियो का सामना भी करना पड जा रहा है। बताया जा रहा है वर्ष 2022 के बाद से किसानों के डाटा एग्रीस्टेक के पोर्टल में अपडेट नहीं हो सका है, जिसके कारण किसानो को परेशानी होती है।

कई किसानों के जमीन का नक्शा, खसरा, बीवन, बंटाकन, आधार, बैंक खाता अपडेट नहीं हो सका है, जिसके कारण एग्रीस्टेक पंजीयन कराने में किसानों को बड़ी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नवम्बर दिसम्बर महीने के दौरान होती है। इस बीच किसानो को हर साल नए तरीके से धान बेचने पूर्व पंजीयन एवं अपडेट कराना जरूरी रहता है। तब कही जाकर किसान समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री कर पाते है।



### ...तो नही मिल पाएगी पीएम सम्मान निधि

शासन के कृषि मंत्रालय के द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन को इस साल अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीयन के जहां किसान समर्थन मूल्य पर धान तो नही बेच पाऐगें। ऊपर से बिना एग्रीस्टेक पंजीयन कराए किसान पीएम सम्मान निधी,केसीसी लोन,सहीत शासन द्वारा मिलने वाली सब्सीडी का लाभ भी नही मिल पाएगा। जिसके चलते किसानो के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी हो गया है। जांजगीर-चाम्पा जिले की कृषि क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बन गई है। वही बड़े पैमाने पर यहां के किसान धान की बिक्री भी करते है, लेकिन एग्रीस्टेक पंजीयन नही करने की स्थिति में किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह सकते है, जिसके चलते एग्रीस्टेक पंजीयन कराना जरूरी कर दिया गया है।

### पंजीयन अनिवार्य

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन कराना जरूरी है। जिले में 1 लाख 3 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। अभी 16 हजार कृषको का पंजीयन बाकी है। इसे लेकर आदेशित किया गया है।

-अमित साहू, नोडल अफसर
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
जांजगीर-चाम्पा

# महिला की मौत के बाद परिजनों के साथ आप कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

### सालभर पहले किया था प्रेम विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

महिला की मौत के बाद परिजनों एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दोबारा पोस्टमार्टम की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद तहसीलदार ने मामले की जांच करने का आश्वासन देते हुए अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपकर मामला शांत कराया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 1 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 में मुरलीडीह पास ओवर ब्रिज के पास मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद घायल अवस्था में पूजा केवट उम्र 19 वर्ष उसके पति राहुल साहू एवं राहुल साहू के रिश्तेदार प्रकाश साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पूजा केवट को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल साहू एवं प्रकाश साहू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रविवार 10 अगस्त को पूजा केवट के शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा मौत को दुर्घटना से इनकार करते हुए उसके हत्या किए जाने का आरोप लगाकर दोबारा पोस्टमार्टम की मांग को लेकर हंगामा कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम कडार विकासखंड बिल्हा, थाना बिल्हा निवासी पूजा केवट उम्र 19 वर्ष आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता थी। वह सालभर पहले ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी राहुल साहू से प्रेम विवाह करने के बाद कल्याणपुर में रह रही थी। राखी का त्यौहार होने के कारण पूजा केंवट अपने पति राहूल साहू और उनके एक परिजन प्रकाश साहू जो बिलासपुर के रहने वाले हैं, के साथ बाइक से बिलासपुर गए थे। पूजा अपनी बहन से मिली और माता-पिता के अंतरजातीय विवाह के खिलाफ होने के कारण घर नहीं गई। उसके बाद वे तीनों प्रकाश साहू के घर गए थे। वहां से तीनों रात को लगभग 12 बजे बिलासपुर से वापस अकलतरा आ रहे थे। वे राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर पहुंचे ही थे कि अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई एवं तीनों मोटरसाइकिल सवार उछलकर गिर गए। पूजा केंवट के सिर पर गंभीर चोट पहुंची और वही पूजा केंवट की मृत्यु हो गई। रविवार सुबह मृतिका पूजा केंवट का पोस्टमार्टम कर शव उसके ससुराल वालों को सौंपा दिया गया एवं कल्याणपुर में उसके अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। जैसे ही पूजा केंवट के परिजनों को घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना आप पार्टी पदाधिकारियों को दी। आम आदमी पार्टी के संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला, महिला प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल एवं प्रियंका शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता एवं मृतिका के परिजन मर्चुरी के पास जमा हो गए और पूजा केंवट के शव को लाकर दोबारा पोस्टमार्टम किए जाने की मांग की और पूजा के शव का अंतिम संस्कार पिता के गांव कडार में करने के लिए अड़ गए । आप पार्टी कार्यकर्ताओं और पूजा के पिता सुखीराम केंवट व बहन का कहना है कि उसके शरीर पर मारने के निशान हैं और पूजा अकसर अपने पति द्वारा प्रताड़ना का जिक्र करती थी। आप पार्टी द्वारा पूजा की मौत की जांच के लिए एक जांच टीम गठित करने की मांग और पोस्टमार्टम दोबारा करने की बात को लेकर 3-4 घंटे तक हंगामा किया गया। अंत में तहसीलदार शशि भूषण सोनी के द्वारा हंगामा कर रहे परिजनों को समझाइश देते हुए पूजा केंवट की मौत की जांच के लिए एक टीम गठित की गई तब जाकर परिजन शांत हुए एवं पूजा केवट के शव को अंतिम संस्कार के लिए कडार लेकर गए।



हंगामा करते परिजन व आप कार्यकर्ता।



मौके पर नष्ट किया गया शराब बनाने का समान।

# कच्ची शराब के अड्डों पर धावा बोलकर महुआ लहान व शराब किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

लंबे समय से बम्हनीडीह में फल-फूल रहे कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर जब पुलिस और विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो डिपरी पारा के युवकों और महिलाओं ने खुद कमान संभाल ली। रविवार को डिपरी पारा के युवक ओर महिलाएं लतेल मोहल्ला पहुंचे और वहां बने कच्ची शराब के अड्डों पर धावा बोल दिया। मौके पर रखा सैकड़ों किलो महुआ लहान और तैयार कच्ची शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध कारोबार की कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से शराब बनाने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए है। दिन-दहाड़े खुलेआम शराब बनाई और बेची जा रही थी। मोहल्लेवासियों की इस सख़्त कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोग अब मांग कर रहे हैं कि पुलिस और विभाग तुरंत सक्रिय होकर बम्हनीडीह नगर स्थित ऐसे अड्डों को जड़ से खत्म करे। लोगों ने कार्रवाई नहीं होने पर आगे भी ऐसे अड्डों पर धावा बोलकर समान नष्ट करने की बात कही है।

### गुड गवर्नेंस एवं मनरेगा एप की ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा से संबंधित अमृत सरोवर, हर घर तिरंगा, गुड गवर्नेंस, जनमनरेगा मोबाइल एप, जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य, एक पेड़ मां के नाम अभियान, मोर गांव-मोर पानी सहित सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि मनरेगा के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है, जिसमें जल संचयन संरचनाएं, सोखता गड्ढों का निर्माण, तालाब गहरीकरण और चेक डैम निर्माण शामिल हैं।

# टेल एरिया के गांवों में अब तक नहीं पहुंचा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

- दर्जनभर गांवों के किसानों ने की आंदोलन की तैयारी

फसल के लिए नहर से छोड़ा गया पानी टेल एरिया तक नहीं पहुंच पा रहा है। बारिश के पानी से अब तक फसल की सिंचाई तो हो गई, लेकिन बारिश थमने के बाद अब खेतों में लगी फसल मुरझाने लगी है।

टेल एरिया के अंतर्गत आने वाले बोरदा, गोधना, कुरियारी, तेंदुवा सहित दर्जनभर गांवों में नहर के माध्यम से पानी की धार अब तक नहीं पहुंच पाई है। जिला मुख्यालय से जलापूर्ति की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन नहर टूटने के कारण पानी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुंच रहा। इस वजह से किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं और चिंता सता रही है। ग्राम कुकदा के किसान शिव रत्नाकर ने बताया कि अगर समय पर पानी नहीं मिला तो फसलें सूख जाएगी और हम कर्ज के बोझ तले दब जाएंगे। वहीं कुरियारी के किसान अनंत राम कश्यप ने कहा कि खेती-बाड़ी के लिए उन्होंने उधार लिया है, लेकिन प्रशासन जलापूर्ति में विफल रहा है। ऊपर से अब पिछले कुछ दिनों से बारिश भी नहीं हो रही है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। ग्राम कुकदा और कुरियारी के सरपंचों ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर जलापूर्ति की मांग की जाएगी। सरपंचों ने स्पष्ट किया कि जब तक नहर मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन किया जाएगा। सरपंच के इस निर्णय का दोनों गांवों के किसानों और ग्रामीणों ने समर्थन किया है। सभी ने एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने और अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया है।



नहर की पतली धार एवं पानी के अभाव में सूखी खेत।

### रास्ता रोककर लुटपाट करने वाले आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** रात के समय रास्ता रोककर लुटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लुट के रकम पैन कार्ड एवं आधार को बरामद किया है। घटना नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम जगमहंत की है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगमहंत निवासी दुर्गेश सिंह अपने गांव के साथी से मिलने के लिए गया था। इस दौरान गुरूवार 7 अगस्त को रात 10 बजे चंडीसिंह एवं उनके साथियों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। वही पर्स में रखे 2 हजार नगदी, एटीएम, पेन कार्ड, आधार कार्ड को लुटकर ले गए। इस मामले की रिर्पोट दुर्गेश ने नवागढ थाने में दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपी चंडीसिंह को गिरप्तार किया गया। वही आरोपी के कब्जे से 2 हजार नगदी,आधार पैनकार्ड को जब्त किया गया है।



स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर।

### सभी थाना और चौकी प्रभारी के काम की हुई समीक्षा

# एसपी ने दी रिस्पॉन्स टाइम में कमी लाने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पुलिस के कामकाज की समीक्षा करने एस पी विजय कुमार पाण्डेय ने रविवार को क्राइम मीटिंग ली। एस पी ने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम कम से कम करने की हिदायत दी। साथ ही गंभीर अपराधों एवं महिला संबधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने पर विशेष फोकस करने निर्देशित किया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने घुमंतू मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक ने 10 अगस्त को एस पी कार्यालय के सभा कक्ष में क्राइम मीटिंग ली। क्राइम मीटिंग में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी के साथ थाना व चौकी प्रभारियों सहित सी सी टी एन एस आपरेटर आरक्षक भी शामिल हुए। एस पी ने इस दौरान समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की। हर थाना और चौकी प्रभारी को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। एस पी विजय पाण्डेय ने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को कम से कम करने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि दुर्घटना होने की सूचना मिलती है तो तत्काल घटना स्थल पहुंचकर विधिसम्मत कार्यवाही की जाए। गंभीर अपराधों एवं महिला संबधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने, थाना में लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया। अवैध शराब व गांजा के बिक्री की सूचना मिलने पर आरोपियों के विरूद्व त्वरित कार्यवाही करने, क्षेत्र में शांति ब्यवस्था बनायें रखने हेतु अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, अधिक से अधिक लंबित स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों की तामीली, वाहन एक्सीडेंट को दृष्टिगत रखते हुए घुमंतू मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने निर्देशित किया। पूर्व में चोरी,डकैती, लूट के प्रकरण में जो गिरफ्तार हुए हो, वर्तमान में जेल से रिहा हो चुके हो उनके ऊपर निगरानी रखने, चोरी, लूट, डकैती नकबजनी एवं मारपीट, गुंडागर्दी में शामिल आरोपियों का नए निगरानी गुंडा फाइल में नाम शामिल करने, हर गिरफ्तार आरोपियों का फिंगर प्रिंट आवश्यक रूप से लेने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी गणेश उत्सव पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर समितियों की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, डी एस पी जितेंद्र खूंटे, सी एस पी श्रीमती कविता ठाकुर, एस डी ओ पी चाम्पा यदुमणि सिदार, डी एस पी मुख्यालय विजय पैकरा, एस डी ओ पी प्रदीप कुमार सोरी, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी समेत जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान समीक्षा कर निर्देश देते एसपी विजय पांडेय।

# स्कूल परिसर में ट्रांसफार्मर व खुले तार से बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत कल्याणपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में वर्षों से विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर स्थापित है, जो अब बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। ट्रांसफार्मर कक्ष भवन के बिलकुल नजदीक लगा हुआ है और उसके कई तार खुले रूप में परिसर में फैले हुए हैं। यह स्थिति न केवल सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है, बल्कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कुछ दिन पूर्व निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने इस गंभीर समस्या को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने बताया कि स्कूल की छुट्टी के समय बच्चे खेलते-कूदते अक्सर ट्रांसफार्मर और खुले तारों के आसपास पहुंच जाते हैं। थोड़ी-सी लापरवाही किसी भी मासूम की जान के लिए खतरा बन सकती है। जनपद सदस्य ने बताया कि इस मामले की जानकारी उन्होंने तत्काल विभाग के कनिष्ठ यंत्री को दूरभाष के माध्यम से दी थी और ट्रांसफार्मर को परिसर से अन्यत्र स्थानांतरित करने का आग्रह किया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ईश्वर साहू ने अब विद्युत विभाग के कार्यपालक यंत्री, सहायक यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित आवेदन भेजकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना है कि बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद ट्रांसफार्मर को नहीं हटाया गया है। उनका आरोप है कि विभागीय लापरवाही से बच्चों की जान जोखिम में डाली जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर

**कोरबा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को उल्लास के साथ जिले में भी मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के बाजारों में आकर्षक झूले, परिधान व श्रृंगार सामग्री वृंदावन, मथुरा, जयपुर से मंगाई गई हैं। जगह-जगह दही हांडी फोड़ी जाएगी। मंदिरों से लेकर बाजार तक, भजन-कीर्तन से लेकर श्रृंगार सामग्री की खरीद तक, हर ओर कृष्णमय माहौल बनने लगा है। आकर्षित झांकियों, दही-हांडी प्रतियोगिताओं और श्रृंगारित मंदिरों के साथ पूरे शहर में जन्मोत्सव का रंग छाया रहेगा। शहर के बाजारों में भगवान श्रीकृष्ण के श्रृंगार के लिए विशेष सामग्रियों की खरीदारी शुरू हो गई है। श्रद्धालु बाल गोपाल के लिए परिधान, झूले, पालने, बांसुरी, मुकुट, माला, चूड़ी, तिलक, कुंडल और कंगन आदि की पूछ परख कर रहे हैं। दुकानों में इन दिनों भक्त बांके बिहारी के लिए परिधान, मुकुट, माला, बांसुरी, पालना और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार जरदोजी और एंब्रॉयडरी वर्क से सजे हुए परिधानों की विशेष मांग है। शहर में हमेशा की तरह इस बार भी जगह -जगह पर दही-हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही हांडी में नकद पुरस्कार, उपहार और प्रसाद रखा जाएगा।

### डीएसपीएम में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक पेड़ मान के नाम थीम के तहत पौधरोपण अभियान के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के भण्डार संभाग में 85 पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वीके सेन चौधरी अतिरिक्त मुख्य अभियंता भण्डार एवं क्रय के उपस्थिति में अलग अलग प्रकार के 85 पेड़ पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भण्डार संभाग के अधीक्षण अभियंता एएस मरावी के साथ सहायक अभियंता श्रीमती रितिका मिश्रा एवं श्रीमती भावना जैनेन्द्र, एवं स्टाफ सीएस साहू, एसपी सिदार, अशोक कुमार, सतीश वर्मा, मानसिंह गोंड, श्रीमती मंजू चिंजवानी, पंकज, रामनारायण विजेंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

### कैरियर काउंसिलिंग व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेल्हाडीह-जेठा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कैरियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कैरियर के संदर्भ में अवगत कराते हुए सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई एवं पुरस्कार प्राप्त किए। स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए अंकुरित अनाजों की उपयोगिता को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वल्पाहार के रूप में इसका वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शोलेष कुमार राठौर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्थित करने मानिकपुर सब एरिया मैनेजर को ज्ञापन

**कोरबा।** जिला चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में आपकी संस्था के द्वारा मानिकपुर ओवर बर्डन डंपिंग यार्ड में फ्लाई ऐश फीलिंग की जा रही है जिसके लिए भारी मात्रा में हाईवा के माध्यम से राख परिवहन हो रही है। गौ माता चौक कोरबा से लेकर भिलाई खुर्द तक राख परिवहन में लगी हाईवा मुख्य मार्ग में अवस्थित रूप से खड़ी रहती है है जिससे हमेशा मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहता है। पानी निकासी की व्यवस्था बंद हो जाने के कारण मार्ग मैं पानी भरा रहता है जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं मार्ग पूर्ण रूप से टूट चुका है साथ ही साथ मार्ग में कीचड़ मिट्टी व राख बिखरे होने की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है जिससे हम व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर तत्काल जवाबदेही तय कर मार्ग को व्यवस्थित करवाते हुए मरम्मत कार्य करवाए और यह भी सुनिश्चित हो की प्रतिदिन उक्त मार्ग में साफ सफाई व पानी का छिड़काव हो। संस्था ने चेतावनी दी है कि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो मजबूरन में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स को एंड इंडस्ट्रीज विरोध प्रदर्शन करेगी।

### किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरण के अवसर पर आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किसान संगोष्ठी में इफको कंपनी इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के द्वारा अपने रासायनिक उर्वरकों, नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य तरल उत्पाद की उपयोगिता प्रयोग विधि एवं उसके गुणवत्ता लाभ के बारे में उपस्थित किसानों को इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन तिवारी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने कोल इंडिया से बैठक बुलाने की रखी मांग

# कोल कर्मियों को इस बार एक लाख से अधिक बोनस की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उद्योग में अब त्योहारी बोनस को लेकर कोयला कर्मचारियों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। कोल इंडिया में अगले माह के आखिर तक इस मुद्दे पर प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा होनी है। बोनस डिसाइड करने के लिए 23 सितंबर को बैठक हो सकती है। इस बार कोयला कर्मचारी पिछले वर्ष की तुलना में एक लाख से ज्यादा बोनस मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। श्रमिक संगठन भी एक लाख से अधिक बोनस की मांग करने की बात कह रहे हैं।

**खास बात**

- बीते वर्ष कोल कर्मियों को 93 हजार 700 रुपए मिली थी बोनस की राशि

कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से कोयला कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा-दशहरा के अवसर पर परफार्मेंश लिंक रिवार्ड (पीएलआर) के रूप में बोनस राशि का भुगतान किया जाता है। जेबीसीसीआई की स्टेंडराइजेशन कमेटी में शामिल प्रबंधन व यूनियनों के प्रतिनिधि इसको लेकर फैसला करते हैं । गत वित्तीय वर्ष में कोल इंडिया मुनाफे में रही है। इसे देखते हुए श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधी भी अब बीते वर्ष की तुलना में कोयला कर्मचारियों को ज्यादा बोनस दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कर रहे है। कुछ दिनों पहले कोरबा दौरे पर पहुंचे बीएमएस के राष्ट्रीय कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने भी कहा था कि वे इस बारे कोयला कर्मचारियों को बीते वर्ष की अपेक्षा ज्यादा बोनस दिला सकें, कोल कर्मियों को एक लाख से अधिक की बोनस राशि प्राप्त हो इसके लिए कोशिश की जा रही है। 22 सितंबर से दुर्गापूजा उत्सव प्रारंभ होगा। इस बीच 23 सितंबर को दिल्ली में स्टेण्डराइजेशन कमेटी की बैठक होने की चर्चा है, जिसमें बोनस पर फैसला किया जाएगा। एसईसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों को बीते वर्ष परफामेंश लिंक रिवार्ड के रूप में 93 हजार 700 रूपए बोनस प्रदान किया गया था। ऐसे में कर्मचारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार बोनस की राशि एक लाख से ज्यादा होनी चाहिए। यही वजह है कि श्रमिक संगठन प्रबंधन से जल्द बैठक की तिथि निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### कोल इंडिया में दो लाख 20 हजार कर्मचारी

कोल इंडिया के अलावा इसके सहायक कंपनियों एसईसीएल, इसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्लूसीएल, एमसीएल, एनसीएल, एनईसी व सीएमपीडीआई को मिलाकर लगभग 2 लाख 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी है। बोनस को लेकर कोयला कंपनियों में कर्मचारियों के बीच जहां चर्चा शुरू हो गई है। वहीं श्रमिक संगठन भी बोनस बढ़ोत्तरी को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। श्रमिक संगठनों द्वारा बीते वित्तीय वर्ष कोल इंडिया को प्राप्त लाभांश को लेकर बोनस निर्धारण की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

### कोल कर्मियों के बोनस वितरण पर एक नजर

| वर्ष | बोनस राशि (रुपये में) |
|---|---|
| 2015 | 48,500 |
| 2016 | 54,000 |
| 2017 | 57,000 |
| 2018 | 60,500 |
| 2019 | 64,700 |
| 2020 | 68,500 |
| 2021 | 72,500 |
| 2022 | 76,500 |
| 2023 | 85,000 |
| 2024 | 93,750 |

## बिजली चोरी पर 5 लाख 88 हजार रुपए का लगा जुर्माना



इस तरह खम्भे से की गई थी हुकिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी संतोष राठौर पर बिजली चोरी करने पर जुर्माना लगाया गया है। विशेष न्यायालय ने उन पर 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह पूरा मामला 2022 का है। विद्युत वितरण विभाग की सतर्कता टीम ने बेलटिकरी बसाहट दीपका निवासी संतोष राठौर के खिलाफ कार्रवाई की थी। जांच में पाया गया कि राठौर मकान निर्माण के दौरान और उसके बाद भी सीधे विद्युत पोल से बिजली का अवैध इस्तेमाल कर रहे थे। अधिवक्ता राजेश कुमार कुर्रे के अनुसार, संतोष राठौर ने पहले ही करीब साढ़े 4 लाख रुपए पेनाल्टी जमा की थी। इसके बावजूद वे अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करते रहे। मामले की सुनवाई 3 साल तक विशेष न्यायालय में चलती रही। कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी को 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह राशि निर्धारित अवधि में जमा करनी होगी। अगर वे समय पर अर्थदंड जमा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। विद्युत वितरण विभाग ने लोगों से अपील की है कि बिजली चोरी न करें और नियमानुसार मीटर लगवाकर कनेक्शन लें। विभाग की टीम आगे भी ऐसे मामलों पर नजर रखेगी और कड़ी कार्रवाई करेगी।

**खास बात**

- सेवानिवृत्त कर्मचारी पोल से लिया था कनेक्शन, 3 साल चली कोट में सुनवाई

## मरवाही से आ धमके दंतैल हाथियों ने बरदापखना में ढाया कहर



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार की रात जीपीएम जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र से अचानक आ धमके दो दंतैल हाथियों ने रेज के बरदापखना गांव में भारी कहर ढाया। इस दौरान दंतैल हाथियों ने गजराज सिंह एवं सिकंदर नामक दो ग्रामीणों के घरों को ढहा दिया। वहीं एक बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे मक्के तथा केले के फसल को तहस-नहस कर दिया, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा करते रहे। सुबह होने पर वन विभाग को सूचित किया, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

वन अधिकारियों के मुताबिक आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इससे पहले भी इन दंतैल हाथियों ने यहां पहुंचकर काफी उत्पात मचाया था, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल था। गांव वाले हाथियों के उत्पात से बेहद परेशान हैं और डर के मारे खेतों में जाना भी बंद कर दिया है। जिससे खेती का काम पिछड़ रहा है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं। हाथियों ने क्षेत्र को अपना बसेरा बना लिया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद 22 हाथियों का झुंड शुक्रवार की रात कलगामार से कुदमुरा का रूख कर लिया है। हाथियों को शनिवार की सुबह जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं।

**खास बात**

- केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में विचरण कर रहे हाथी

### एसईसीएल में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल में शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिमी अंचल नागपुर एवं उसके रायगढ़ क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं क्षेत्र-2 तथा उत्तरी अंचल गाजियाबाद एवं उसके जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में किया गया। छह घंटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में खान सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आंकड़ों और कंपनी के सुरक्षा प्रयासों पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गई। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और डिजिटाइजेशन के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसईसीएल प्रबंधन ने कहा कि खान सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रणाली को और दुरुस्त बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक अध्ययन के अनुशंसाओं के अनुरूप कार्य प्रणाली लागू करने, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा प्रशिक्षण व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किए गए।

## 4 तस्करों से 13 किलो गांज जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 किलो 200 ग्राम गांजा और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने क्राइम मीटिंग के दौरान आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी को देखते हुए जिले में नशीले पदार्थों, नशीली टैबलेट और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। अभियान के दौरान साइबर सेल और सिविल लाइन रामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग वाहन से गांजा तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन से अलग-अलग पैकेटों में 13.200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने रजगामार निवासी किरण महंत 35 वर्ष, नेहरूनगर चौकी सीएसईबी निवासी प्रकाश कुमार महंत 32 वर्ष, रिस्दी चौक कोटवार मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार यादव 40 वर्ष, रामपुर बस्ती निवासी कृष्णकुमार प्रजापति 42 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले आरोपी और सोनार गिरफ्तार, 13 लॉकेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र में लगातार तीन महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी और उसके द्वारा लूटे गए सामान को खरीदने वाले एक सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटे गए सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त को हरदीबाजार के ग्राम उतरदा में एक जनरल स्टोर संचालक की पत्नी कुंजमति पटेल के गले से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने सिगरेट लेने के बहाने मंगलसूत्र छीन लिया। इसके अगले ही दिन 6 अगस्त को ग्राम बोईदा में एक और जनरल स्टोर संचालक की पत्नी जयकुंवर के साथ भी इसी तरह की वारदात हुई, जहां बदमाश इलेक्ट्रिक बल्ब खरीदने के बहाने मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। इसी दिन उतरदा यात्री प्रतीक्षालय में बस का इंतजार कर रही सतरूपा मरावी के गले से भी मंगलसूत्र छीना गया। मंगलसूत्र लूट की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने हरदीबाजार थाने में बीएनएस की धारा 309(4), 317(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल और हरदीबाजार-बलौदा मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान सूरज यादव उम्र 33, निवासी राताखार गढ़ापारा के रूप में हुई। 8 अगस्त को पुलिस ने सूरज यादव को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के साथ तीनों वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर सीजी 12 बीएच 0793 और लूटे गए मंगलसूत्र को बेचने के बाद मिले 10 हजार रुपये बरामद कर लिया है।

**खास बात**

- आरोपियों से एक मोटर साइकिल, 4 सोने के मटर दाने व 10 हजार रुपए नगद जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त सामान।

### सोनार भी हुआ गिरफ्तार

पुलिस ने पूछताछ में पाया कि सूरज यादव ने लूटे गए मंगलसूत्र को सोनार मुकेश सोनी उर्फ मोनू उम्र 37 निवासी रानी रोड को बेचा था। मुकेश सोनी ने यह जानते हुए कि यह सामान लूट का है उसे खरीदा। इस पर पुलिस ने मुकेश सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 13 सोने के लॉकेट और 4 सोने के मटर दाने जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को 9 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से न सिर्फ लुटेरों को पकड़ा, बल्कि चोरी का सामान खरीदने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई का संदेश दिया है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# 'परम सुंदरी' का गाना 'भीगी साड़ी' जारी, 29 को होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले काफी समय से फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा ने संभाली है, वहीं इसका निर्माण दिनेश विजान कर रहे हैं। अब 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है, जिसे श्रेया घोषाल और अदनान सामी ने मिलकर गाया है। 'भीगी साड़ी' में सिद्धार्थ और जाह्नवी की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। दोनों जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## लाइफ Style



# रुक्मिणी

## 'कांतारा: चैप्टर 1' की दिखी पहली झलक


एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कांतारा: चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

मशहूर अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी पिछले काफी समय से फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म साल 2022 में आई कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब 'कांतारा: चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत की पहली झलक सामने आ गई है,जिसमें वह पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं। कनकवती के रूप में रुक्मिणी खूब जंच रही हैं।

रुक्मिणी दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह मुख्य रूप से कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। 28 वर्षीय रुक्मिणी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2019 में आई कन्नड़ फिल्म 'बीरबल त्रयी' के जरिए की थी। उन्होंने 'भैरथी रनागल', 'बघीरा', 'बाणदरियाल्ली', 'ऐस' और 'अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। आने वाले समय में रुक्मिणी 'कांतारा: चैप्टर 1', 'मधरासी' और 'एनटीआर31' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। 'कांतारा: चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# फिल्म महोत्सव में चलेगा शोले का जादू

**लॉस एंजिल्स।** कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी लोकप्रियता पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रहती हैं। वैसी ही फिल्म है 'शोले', जो गुजरते समय के साथ हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शुमार हो गई। यह फिल्म हमेशा सिने प्रेमियों की यादों में जिंदा रहेगी। फिल्म का जिक्र इसलिए कि इसकी रिलीज के 50 साल पूरे होने पर इसकी स्क्रीनिंग प्रतिष्ठित टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में की जाएगी। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 6 सितंबर, 2025 को 1,800 सीटों वाले रॉय थॉमसन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में होगी।'



# एक्टर टॉम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इवेंट में टॉम क्रूज ने इंडियन फैंस को खास तोहफा देते हुए खुलासा किया कि उन्हें हिंदी सिनेमा से गहरा लगाव है और वह एक हिंदी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत एक अद्भुत देश है, यहां के लोग और संस्कृति शानदार हैं। मुझे भारत से बहुत प्यार है। मेरा भारत का अनुभव मेरी यादों में बस गया है। जब मैं वहां पहुंचा, ताजमहल देखने गया और मुंबई में भी समय बिताया, मुझे हर पल बहुत अच्छी तरह याद है। इंटरनेशनल क्रश ने आगे कहा, मैं भारत में जाकर वहां पर फिल्म बनाना पसंद करूंगा। मुझे बॉलीवुड फिल्में बहुत पसंद हैं।



# 'जटाधारा' में सामने आया रौद्र रूप...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में सोनाक्षी कई बड़ी फिल्मों में अभिनय करती दिखेंगी। इन्हीं में से एक है 'जटाधारा'। इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। अब निर्माताओं ने 'जटाधारा' का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें सोनाक्षी का रौद्र रूप दिख रहा है। सुधीर और सोनाक्षी दिखे आमने-सामने टीजर में सोनाक्षी आकर्षक और गंभीर अवतार में दिख रही हैं। गहने, गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी और माथे पर तिलक उन्हें एक उग्र रूप दे रहा है। 'जटाधारा' में सोनाक्षी का एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।



# 'द पैराडाइज' में दिखा धांसू अवतार...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है। फिल्म 'दशहरा' के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब आखिरकार 'द पैराडाइज' से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। नानी पहले पोस्टर में जदल के रूप में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'द पैराडाइज' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा।

## टीवी मसाला

# 'बिग बॉस 19' में आएंगी नजर 'अनुपमा' में बनीं थीं किंजल

**मुंबई।** निधि शाह छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवी शो 'अनुपमा' में किंजल का किरदार निभाया था, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। इस वक्त वह टीवी से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। अब खबर आ रही है कि निधि सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन में नजर आ सकती हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, निधि शो 'बिग बॉस 19' में नजर आ सकती हैं। निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निधि शो में दिखेंगी। अभिनेत्री इस शो में रुचि को दिखा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शैलेश लोढ़ा, गुरुचरण सिंह, रैपर रफ्तार और जेनिफर मिस्त्री को भी शो के लिए संपर्क किया गया है। 'बिग बॉस 19' को आप 24 अगस्त से जियो हॉटस्टार और कलर्स पर देख पाएंगे। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी। प्रतियोगियों की सूची में लता सभरवाल से लेकर आशीष विद्यार्थी, गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, मुनमुन दत्ता, अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, कनिका मान, राज कुंद्रा, डेजी शाह, अर्शिफा खान, तनुश्री दत्ता, शरद मल्होत्रा, ममता कुलकर्णी, पारस कलनावत और मिकी मेकओवर का नाम शामिल है।



# आमिर खान के साथ सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनाएंगे लोकेश कनगराज

**मुंबई।** आमिर खान पिछली बार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में दिखे थे। इस फिल्म ने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि आमिर ने भी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अब आमिर की आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। एक ओर लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में आमिर का कैमियो काफी चर्चा में हैं, वहीं लोकेश ने खुद आमिर के साथ एक अलग से बड़ी फिल्म बनाने का ऐलान कर दिया है लोकेश कनगराज ने हालिया बातचीत में स्वीकार किया कि आमिर के साथ फिल्म करने का मौका उन्हें 'कुली' में काम करने के बाद मिला। वह बोले, मैं हमेशा से आमिर के काम के प्रशंसक रहा हूं और अभिनेता को भी उनके साथ काम करने में मजा आया। जैसे-जैसे हमारे बीच अच्छा तालमेल हुआ, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हम साथ में कोई एक्शन फिल्म कर सकते हैं? उन्होंने काफी समय से कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। लोकेश ने कहा, आमिर को कुली के एक्शन बहुत पसंद आए। मेरा सिनेमा स्कूल अलग है और उनका अलग। हालांकि, जब हम साथ आए तो उन्हें बहुत अच्छा लगा।



# 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ नजर आएंगी 3 अभिनेत्रियां



**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था। आने वाले समय में आयुष्मान एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। इन्हीं में से एक 'पति, पत्नी और वो 2' है, जिसके निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

***सामने आई ये दिलचस्प जानकारी :*** पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ एक नहीं, बल्कि 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। सारा अली खान और वामिका गब्बी पहले ही इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। अब 'पति, पत्नी और वो 2' में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की एंट्री हो गई है। जहां 'पति, पत्नी और वो' में 2 अभिनेत्रियों ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वहीं इसके सीक्वल में 3 अभिनेत्रियां दिखाई देंगी।

### सितंबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'पति, पत्नी और वो 2' की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की कहानी लिखकर तैयार है। यह एक बेहतरीन सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। अन्य किरदारों के लिए कास्टिंग अभी चल रही है। मुदस्सर अजीज ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

# सुनीता आहूजा हो गई थीं 8वीं में फेल बोलीं- गोविंदा के साथ चक्कर चल रहा था

***मुंबई।*** *गोविंदा भले ही अपनी पेशेवर या निजी जिंदगी पर कम बात करते हों, लेकिन उनकी पत्नी सुनीता आहूजा सुर्खियों में रहने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में उन्होंने अपने स्कूल के दिनों पर बात की। सुनीता ने बताया कि जब वह 8वीं में फेल हो गई थीं तो उनकी मां ने गर्म तवे से उनका मुंह जला दिया था, क्योंकि उन्होंने झूठ बोला था। सुनीता ने ये भी बताया कि तब वह गोविंदा के साथ रिलेशनशिप में थीं।*

***मां ने दी थी झूठ बोलने की ऐसी सजा :*** *मीडिया से हालिया बातचीत के दौरान सुनीता ने कहा, मैं आठवीं क्लास में थी और फेल हो गई थी। मैंने अपनी मां को इसके बारे में नहीं बताया था और तब तक मैं गोविंदा के साथ रिश्ते में आ चुकी थी। मैंने अपनी मां से झूठ बोला कि मैं पास हो गई हूं। बस फिर क्या, मेरी मां ने तवा गरम किया और उसे मेरे गालों पर लगा दिया। मेरी मां बड़ी सख्त थीं। उन्हें झूठ से नफरत थी।*

### किताब खोलते ही सुनीता को आने लगती थी नींद

सुनीता बोलीं, मेरी मां पढ़ाई पर बड़ा जोर देती थी। वो चाहती थी कि मैं पढ़ूं और मैं थी बिल्कुल विपरीत। मेरा पढ़ाई में कतई मन नहीं लगता था या कहें मुझे पढ़ाई से बड़ी नफरत थी। किताबें खोलते ही मुझे नींद के झोंके आने लगते थे। सुनीता ने बताया, एक बार मेरी बड़ी बहन मुझे पढ़ाई के लिए मजबूर कर रही थी, उसकी जिद से मुझे गुस्सा आ गया। मैंने एक ब्लेड ली और उससे उसकी जांघ काट दी थी।



### पैसों की वजह से सुनीता को पसंद थी गणित

सुनीता ने बताया कि उन्हें केवल गणित पसंद थी, क्योंकि उन्हें पैसों से प्यार था। सुनीता ने गोविंदा से साल 1987 में शादी की थी। उन्होंने 1 साल तक अपनी शादी की बात दुनिया से छिपाई। अपनी बेटी टीना के जन्म के बाद ही इसकी घोषणा की। सुनीता के पिता इस शादी के सख्त खिलाफ थे और वह अपनी बेटी के इस खास दिन में शामिल भी नहीं हुए थे। टीना के जन्म के समय सुनीत 19 साल की थीं।

**सुनीता को कैसे मिले थे गोविंदा? :** गोविंदा अपने मामा के साथ रहते थे और सुनीता अक्सर अपनी बहन और जीजा (जो गोविंदा के मामा थे) के घर आती-जाती थीं। तकरार से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे प्यार में बदली और फिर 18 की होते ही सुनीता आहूजा ने गोविंदा से शादी कर ली। गोविंदा ने उस समय अपना करियर शुरू ही किया था। उनकी लोकप्रियता को नुकसान ना पहुंचे, इसके लिए सुनीता और अपनी शादी की बात को 1 साल तक सबसे छिपाकर रखा था।

## कुछ हिस्सा बनने खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने शो ठुकराने में देर नहीं लगाई

# 'बिग बॉस 19' ठुकरा चुके ये कलाकार, एक बोला- 20 करोड़ देंगे तो भी नहीं जाऊंगा

***मुंबई।*** *एक ओर जहां कुछ सितारे 'बिग बॉस' में जाने का सपना देखते हैं तो वहीं, कुछ ऐसे कलाकार भी हैं, जिन्हें नंबर 1 शो से कोई लेना-देना नहीं है। 'बिग बॉस 19' से अब तक कई सितारों का नाम जुड़ चुका है। कुछ इसका हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने करोड़ों रुपये ऑफर होने के बाद भी शो ठुकराने में देर नहीं लगाई। आइए जानें किन सितारों ने दिखाया 'बिग बॉस 19' को ठेंगा।*



### दिव्यांका त्रिपाठी और राम कपूर

खबरें थीं कि 'बिग बॉस' के निर्माता 'ये हैं मोहब्बतें' की इशिता भल्ला यानी लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी को शो में लाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, दिव्यांका ने कहा, फर्जी, ऐसी अफवाहें वो हर साल फैलाते हैं। उधर राम कपूर को भी शो का प्रस्ताव मिला था, जिस पर वह बोले थे, मैं कभी 'बिग बॉस' में नहीं जाऊंगा, भले ही वो मुझे 20 करोड़ रुपये दें क्योंकि इस तरह का शो मेरे लिए नहीं है।

### मल्लिका शेरावत और डेजी शाह

खबरें थीं कि अभिनेत्री मल्लिका शेरावत इस साल शो का हिस्सा बनेंगी। हालांकि अभिनेत्री ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'मैं सारी अफवाहों पर विराम लगा रही हूं। मैं 'बिग बॉस' में नहीं जा रही हूं और ना कभी जाऊंगी।' दूसरी ओर अभिनेत्री डेजी शाह ने भी शो का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह ना ये शो कर रही हैं और ना कभी करेंगी।



### जन्नत जुबैर और एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री जन्नत जुबैर 'बिग बॉस 19' को ठेंगा दिखा चुकी हैं। उन्होंने कहा था, मैं उस तरह की इंसान नहीं, जो बगैर किसी कारण शो में रहने के लिए चिल्लाऊं और झगड़ा करूं। उधर 'द ट्रेटर्स' और आगामी फिल्म 'मस्ती 4' से सुर्खियों में बनी हुई अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने प्रस्ताव इसलिए ठुकराया, क्योंकि वो सिर्फ लाइमलाइट नहीं, बल्कि लंबा और दमदार करियर बनाना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें इसके लिए 6 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया था।



### अनीता हसनंदानी और जरीन खान



अभिनेत्री अनीता हसनंदानी को भी 'बिग बॉस 19' का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसका हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया। अनीता बोलीं, ये शो मेरे जैसे व्यक्तित्व वालों के लिए नहीं बना है। मैं इसमें शामिल नहीं हो सकती। उधर जरीन खान ने ये कहकर शो ठुकरा दिया कि वह न तो 3 महीने अपने घर से दूर रह सकती हैं और ना ही दुर्व्यवहार बर्दाश्त कर सकती हैं। वो यहां गईं तो उनका हाथ उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया पौधारोपण



**अकलतरा।** छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के निर्देशन में अकलतरा इकाई के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के द्वारा एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के डीएल फार्म हाउस में उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति ताम्रकार के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में फालसा , एवाकाडो सहित अन्य फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेंबर के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि पर्यावरण संतुलित है तो हम सब का जीवन है, व्यापार व्यवसाय है। पर्यावरण के संवर्धन एवं संतुलन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका वृक्षों की होती है। इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपित कर उन्हें वृक्ष बनते तक संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में चैंबर की ओर से विजय केडिया अध्यक्ष, प्रकाश वाधवा व सुशील जैन उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### पंचायत सचिव के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**अकलतरा।** जनपद पंचायत अकलतरा के सभा कक्ष में विदाई समारोह आयोजित कर पंचायत सचिव हेमलाल सिंह को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि सरकारी सेवा का अंत तय होता है, लेकिन ईमानदारी, निष्ठा और लगन से किया गया कार्य हमेशा याद रखा जाता है। हमारे ब्लॉक के वरिष्ठ पंचायत सचिव हेमलाल सिंह का कार्यकाल हम सभी सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम को हरिराम निर्मलकर ,मनमोहन साहू, सुरेश साव, रामायण यादव ,राजकुमार यादव ,सीताराम पटेल ,ध्रुव शर्मा, अजय यादव, महेश्वर नर्मदा ,लोचन कश्यप एवं बरपाली सरपंच सतीश दिवाकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिव संघ एवं अन्य प्रखंड कर्मियों ने उन्हें शॉल, अंगवस्त्र, पुष्पमाला पहनाकर तथा उपहार भेंट कर ससम्मान विदाई दी। समारोह के दौरान माहौल भावुक और प्रेरणादायक बना रहा। कार्यक्रम में श्रीमती जलवती वैष्णव, श्रीमती मीना साहू ,श्रीमती नीतू सिंह ,युगल किशोर शुक्ला, राजा भारते,विनोद नेताम ,सीडी महंत, लक्ष्मी यादव ,सनत साहू एवं पंचायत सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### गांव-गांव में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**गोधना।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को पूरे अंचल में श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह होते ही घर-घर में रौनक फैल गई। महिलाएं और बच्चे स्नान-ध्यान कर नए कपड़े पहनकर तैयार हुए। पूजा की थाली में राखी, रोली, अक्षत और मिठाई सजाकर बहनों ने भाइयों को तिलक किया और रक्षा-सूत्र बांधा। बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की दुआ मांगी, वहीं भाइयों ने जीवनभर बहनों की रक्षा का वचन दिया। उपहार स्वरूप रुपये, साड़ी, लहंगा-सूट और मिठाई भेंट की गई। कई घरों में यह दिन पारिवारिक मिलन का अवसर भी बना, जहां दूर से आए भाई-बहन एक-दूसरे से मिलकर भावुक हो उठे।गांव से लेकर कस्बे तक हर जगह इस पावन पर्व की छटा बिखरी रही। बच्चों की चहक, बुजुर्गों की मुस्कान और राखियों की रंगत से पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।



## परंपरागत गीतों की गूंज के बीच मना छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशिप-डे

# हमर भोजली दाई के भींजे आठों अंगा...

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ी फ्रेण्डशिप-डे भोजली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरानुसार देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा, हमर भोजली दाई के भींजे आठों अंगा की गूंज के साथ तालाबों में भोजली विसर्जन किया गया, तो वहीं इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को भोजली भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कई लोगों ने एक दूसरे के कान में भोजली रखकर मित्रता निभाने का वायदा किया।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रतीक भोजली पर्व रविवार 10 अगस्त को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस लोकपर्व में लोग आपस मे भोजली भेंट करके अपनी अपनी सद्भावना व्यक्त की। ढोल ताशे के साथ प्रमुख मार्ग से होते हुए तालाब में भोजली की विसर्जन यात्रा हुई। जिला मुख्यालय जांजगीर में भी भोजली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। नैला मीडिल स्कूल प्रांगण से शाम 5 बजे भव्य भोजली यात्रा का आयोजन किया गया। जांजगीर में सिंचाई कालोनी के पास के नहर में व नहरिया बाबा मंदिर के पास नहर में महिलाओं व बच्चों ने भोजली विसर्जन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चियों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस लोकपर्व में सहभागिता निभाई। भोजली मित्रता का प्रतीक है। प्राचीन काल से छत्तीसगढ़ में भोजली देकर मित्रता को प्रगाढ़ करने की परंपरा रही है। इस तरह यह छत्तीसगढ़ी फ्रेंडशिप डे है। यह पर्व रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है। देवी गंगा, लहर तुरंगा की स्वर लहरियों केबीच क्षेत्र के गांवों में शाम 6 बजे घरों से भोजली लेकर महिलाएं व युवतियां तथा बच्चे निकले। जिसके बाद चौक चौराहों में पूजा अर्चना कर तथा हल्दी पानी डालकर खुशहाली की कामना व अच्छी फसल की मनोकामना के साथ भोजली विजर्सन किया गया। ऐसी मान्यता है कि अगर भोजली अच्छी होती है तो क्षेत्र में समृध्दि भी आती हैऔर उस साल फसल भी अच्छी होती है। छत्तीसगढ में गिंया मितान परंपरा की शुरूआत भी भोजली त्यौहार से होता है । इसमें भोजली को एक दूसरे के कान में खोंचकर बधाई देकर दोस्त बनाया जाता है जिसको छत्तीसगढी में गिंया मितान कहते हैं।



भोजली विसर्जन करने जाती महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे।

#### धूमधाम से मना छत्तीसगढ़ी फ्रेंडशिप-डे

**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ी फ्रेंडशिप डे भोजली पर्व 10 अगस्त को नगर सहित आस पास के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पारंपरिक पर्व में महिलाएं और युवतियों ने अपने घरों से भोजली को सिर में रखकर, डीजे की धुन पर भोजली गीत देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा, हमर भोजली दाई के भींजे आठों अंगा की गूंज के साथ महिलाएं और युवतियां तालाब के के पास इकट्ठा हुईं। इसके बाद, भोजली का तालाबों में विसर्जन किया गया।



## सीनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल, पुरुष में जांजगीर व महिला वर्ग में दुर्ग विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जांजगीर में 7 एवं 8 अगस्त को आयोजित प्रथम फर्स्ट फाइव सीनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में जांजगीर का दबदबा बरकरार रहा, जबकि महिला वर्ग में दुर्ग ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में दुर्ग उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में जांजगीर-चांपा उपविजेता रही।

प्रतियोगिता में कुल 280 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर्स और ऑफिशियल सहित 356 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक व्याश कश्यप ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रमेश पैगवार, दिनेश शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विवेक सिसोदिया, नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा, प्रदेश महासचिव राजेश राठौर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। आयोजन में बालक वर्ग की 16 और बालिका वर्ग की 12 टीमों ने भाग लिया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यहां से नेशनल स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ की टीम बनेगी, जो संतुलित और मजबूत होगी तथा देश में प्रदेश का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर दो बार भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं खिलाड़ी सोनम शर्मा का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत गोकुल रावटे, जिला खेल अधिकारी एवं एसडीएम सुब्रत प्रधान, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव मनोज पांडेय, रोशन केशरवानी, खेल विभाग से एसएस बघेल मंचस्थ रहे। संचालन दीपक कुमार यादव ने किया। इस मौके पर पवन पटले, प्रशांत जेको, अशोक साहू, प्रीतम गढ़वाल, मंदाकिनी श्रीवास, ऋषि, भोजराज , सहित अन्य ऑफिशियल एवं रेफरी प्रतियोगिता संचालन में शामिल रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत छात्र एवं छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली



**बिर्रा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला से सेमरिया में तिरंगा यात्रा निकाला गया। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप, अनुपमा जांगड़े ने छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम वासियों को इस यात्रा का उद्देश्य विस्तार से बताया कि भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। यह हमारे देश की शान व हमारे स्वतंत्रता का परिचायक है। यह हमारे मजबूत लोकतंत्र को बताता है कि हम सभी भारत के लोग एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय विश्वास और धर्म की स्वतंत्रता, अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए है, जिससे छात्र-छात्राओं के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित हो। जागरूकता रैली ग्राम के विभिन्न वार्डो से गुजरते हुए स्कूल प्रांगण पहुंची। विद्यालय में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपने हथेली पर मेहंदी लगाकर झूले का भी खूब आनंद उठाएं।

## विश्व आदिवासी दिवस धूम धाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

नगर पंचायत डभरा में सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को हर्ष उल्लास से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, जहां समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

- निकाली रैली, समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

सर्व प्रथम सर्व आदिवासी समाज के द्वारा नगर पंचायत डभरा की प्रसिद्ध देवी संबलपुरहीन दाई मंदिर पर उपस्थित हुए और पूजा अर्चना किए उसके बाद बीच बस्ती से रैली निकलते हुए थाना चौंक पहुंचे जहां पर शानदार आतिशबाजी किया। गया इस दौरान युवक युवतियों द्वारा आकर्षक अंदाज में पारंपरिक भेष भूषा पहन कर आदिवासी नृत्य कर रहे थे जो कि मनमोहक दृश्य था रैली थाना चौंक से होते हुए घोघरी रोड स्थित कृष्णा पैलेश पहुंची जहां पर भव्य कार्यक्रम रखा गया था। सभी अतिथियों का शाल और श्रीफल से स्वागत किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डभरा के अध्यक्ष श्रीमती अरुणा महेंद्र सिदार ने संबोधित करते हुए कहा कि सर्व आदिवासी समाज हमेशा जल जंगल की रक्षा करते हुए आया है अब हमें शिक्षा के माध्यम से आदिवासी समाज आगे की ओर लेकर जाना है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत डभरा के उपाध्यक्ष लीलांबर सिंह जगत, युवा संवरा समाज के जिलाध्यक्ष पुरान सरल, संवरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सहदेव सिंह सिदार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले को पुरस्कार दिया गया। साथ ही समाज के दसवीं, बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ पुरुषोत्तम जगत, देवेंद्र सिंह भोई, लालसाय सरल, कृष्ण कुमार भोई, नरसिंह सिदार, संजीव सिदार के अलावा बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पुरन सरल और खगेश्वर नागमणि ने किया।



रैली निकालते समाज के लोग।

## प्रबुद्ध भारती ने मनाई तुलसी दास की जयंती

**बिर्रा।** प्रबुद्ध भारती बिर्रा के द्वारा गोस्वामी तुलसी दास की जयंती उत्सव मनाया गया। गोस्वामी तुलसी दास कृत श्री रामचरित मानस एवं अन्य उनके ग्रन्थ के आधार पर श्री राम कथा प्रवचन परिचर्चा के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में तुलसी दास की जीवन चरित्र एवं जीवन दर्शन, श्री राम जी का अवतार का रहस्य, हनुमान जी का अतुलित बल धमा, भरत जी की भक्ति, संत एवं सत्संग महिमा, राम चरित्र मानस में धर्म विषयों पर प्रवक्ता रामाधार तिवारी,सनत तिवारी,गीताराम तिवारी, मेहतर लाल साहू, राम शंकर कश्यप, ललहाराम कश्यप द्वारा विस्तार से बताया गया। प्रबुद्ध भारती के संयोजक मोहन लाल कश्यप ने श्रीरामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसी दास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। मंच संचालन मनोज तिवारी ने किया । इस अवसर पर अभिराम कश्यप, खोगेंद्र सिंह, नीलांबर सिंह, कीर्तन कश्यप,उमाशंकर कश्यप, तीजराम कश्यप, शत्रुघ्न केवट,देव चंद यादव, देव पटेल,श्रवण थवाईत,रोहन कश्यप, मिडिया प्रभारी शिव, बुद्धेश्वर कश्यप, पीतांबर कश्यप, प्रवीण तिवारी,आशा कश्यप, डी एन देवांगन उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील छग सतनामी समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का जिला स्तरीय बैठक सिद्ध कुटी आश्रम पामगढ़ में शुक्रवार को हुई। जिसमें नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डमरू प्रसाद मनहर का शाल श्रीफल बुके भेंट कर आत्मिकता के साथ स्वागत किया गया।

तत्पश्चात विषय बिंदु पर चर्चा किया गया जिसमें ममतामयी मिनी माता एवं स्व रेशम लाल जांगड़े की पुण्यतिथि 11 अगस्त को अकलतरा में मनाने के लिए चर्चा हुआ। जिला संगठन, ब्लाक संगठन के मनोनयन या निर्वाचन विषय पर भी चर्चा हुई । संगठन के विस्तार हेतु 20 अगस्त को आगामी बैठक शिवरीनारायण में रखा गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभीषण पात्रे, वेंकटरमन पाटले, आजिवन सदस्य संतोषी मनोज रात्रे सदस्य जिला पंचायत, कोमल प्रसाद लहरें जिलाध्यक्ष, मुकेश रात्रे ब्लाक अध्यक्ष पामगढ़, इतवारी खुटे,गुहा राम खुटे,सुनिल खुटे, अश्वनी कुर्रे, संतोष लहरें, मंजू टंडन महका, नर्मदा निराला महिला प्रकोष्ठ, भुषण खट्कर, सुखराम मधुकर ,सुखसागर ओग्रे, शशी प्रताप टांडे, कृष्णा रात्रे, रामखिलावन दिनकर सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे ।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते समाज के लोग।

## सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने पुलिस ने बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हेलमेट के महत्व को समझाने इस साल रक्षाबंधन पर्व पर अभिनव पहल करते हुए 'एक हेलमेट भाई के नाम ' कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

यह कार्यक्रम जिले के सभी पुलिस थाना, पुलिस चौकी व सहायता केंद्र क्षेत्र में चलाया जा रहा। रक्षाबंधन त्यौहार के एक दिन पहले एक हेलमेट बहन के नाम तहत 8 अगस्त को शिवरीनारायण थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी सहायता केंद्र राहौद प्रभारी रामप्रसाद बघेल ने राहौद के बुंदेला चौक में दो पहिया वाहन चालकों को निः शुल्क 10 नग हेलमेट वितरण किया। इस दौरान थाना प्रभारी श्री द्विवेदी ने स्वयं राहगीरों को उनके सिर में हेलमेट पहनाई और सड़क मार्ग पर वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से पहनकर मोटरसाइकिल चलाने प्रेरित किया। राहगीरों ने पुलिस प्रशासन की इस मुहिम की प्रशंसा करते दिखे। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना,यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा हेलमेट को एक उपयोगी उपहार के रूप में बढ़ावा देना है. यह योजना रक्षा बंधन जैसे त्योहार पर aसड़क सुरक्षा की एक नई परंपरा शुरू की है.यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता लाने चलाया जा रहा है। हेलमेट वितरण कार्यक्रम में सफल बनाने आरक्षक वेदराम पटेल, आरक्षक राजेश कश्यप सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।



बाइक चालक को हेलमेट पहनाते पुलिस अफसर।

## पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में धूमधाम मनाया गया प्रकृति राखी का पर्व

प्रकृति राखी का पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकृति हमारी जीवन रेखा है और उनकी रक्षा करना हमारा कर्तब्य है। उक्त बातें देश के पहले वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में आयोजित प्रकृति राखी पर्व में शामिल होने पहुंची महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किया। यहां जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने कहा कि प्रकृति राखी पर्व एक विशेष पर्व है, जिसमें हम पेड़ों, पौधों और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेते हैं। ठीक वैसे ही जैसे रक्षा बंधन में भाई बहन एक दूसरे की रक्षा का वचन देते हैं. प्रगतिशील किसान चुड़ामणि राठौर ने प्रकृति राखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व वनों की कटाई और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का सन्देश देता है. इसके साथ ही लोगों में जलवायु संतुलन और जैव विविधता को बनाये रखने की भावना विकसित करता है। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने कहा कि हमारी टीम के आग्रह पर पिछले साल की भांति इस साल भी छत्तीसगढ़ की सभी जिलों में प्रकृति राखी का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया और किसान स्कूल को जिलेवार फोटोग्राफ़्स वाट्सप के माध्यम से भेजी गई है। चार साल पूर्व किसान स्कूल से रक्षा बंधन पर्व के ठीक एक दिन पूर्व पेड़ों को अपनी भाई मानकर महिलाओ द्वारा रक्षा सूत्र बांधी गईं थीं, जो आज किसान स्कूल परिवार के आग्रह पर छत्तीसगढ़ में प्रकृति राखी का पर्व मनाया गया। प्रकृति राखी पर्व को सफल बनाने सरपंच चन्दा सरवन कश्यप, समाजसेवी अजय अग्रवाल, राजेंद्र राठौर, मधु अग्रवाल, अंशिका, सखी वन स्टाफ की निशा खान, सरोज तिवारी, ऐश्वर्या पाटिल, अंजली अग्रवाल, सक्रिय महिला ललिता यादव, पशु सखी पुष्पा यादव, देवकुमारी खुटे, रामबाई साहू पहरिया, लक्ष्मीन यादव बोकरामुड़ा, अनुपा बर्मन परसदा, रुखमणि पाण्डेय, शर्मीला गोस्वामी, साधना यादव योगदान रहा।



पेड़ को राधी बांधती महिलाएं।

